राजस्थान सरकार

# निदेशालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ12 (82) विविध/आयो/आकाशि/2014/2647 दिनांकः 8 सितम्बर, 2020

**प्राचार्य,**
**समस्त राजकीय महाविद्यालय,**
**राजस्थान।**

विषय :– कान्स्टेबल भर्ती वर्ष 2019 की लिखित परीक्षा दिनांक 06, 07 एवं 08.11.2020 को आयोजित कराने के संबंध में।

संदर्भ :– अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान जयपुर का पत्र क्रमांक प. 5 ( 8 ) पु.फो/कानि.भर्ती सेल–19/20/713 दिनांक 01.09.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत कान्स्टेबल भर्ती वर्ष 2019 की लिखित परीक्षा दिनांक 06, 07 एवं 08.11.2020 को दो शिफ्टों में आयोजित की जानी है। लिखित परीक्षा आयोजन के लिये भवन–फर्नीचर एवं वीक्षक कार्य हेतु पर्याप्त स्टॉफ सहित सहयोग के लिये अधीन समस्त संस्थाओं को निर्देशित करने बाबत अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान जयपुर ने अपने पत्र क्रमांक प. 5(8) पु.फो/कानि.भर्ती सेल–19/20/713 दिनांक 01.09.2020 के द्वारा अनुरोध किया है।

अतः संदर्भित पत्र की छाया प्रति संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि कान्स्टेबल भर्ती वर्ष 2019 की लिखित परीक्षा के आयोजन हेतु आवश्यकतानुसार भवन–फर्नीचर एवं स्टॉफ उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– उपर्युक्तानुसार

**(संदेश नायक,IAS)**
निदेशक,
कॉलेज शिक्षा विभाग, राज. जयपुर।

क्रमांकः एफ12 (82) विविध/आयो/आकाशि/2014/2648-51 दिनांकः 8 सितम्बर, 2020

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1– अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान जयपुर का उनके पत्र क्रमांक प 5 (8) पु.फो/कानि. भर्ती सेल–19/20/713 दिनांक 01.09.2020 के संदर्भ में ।
2–निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग राजस्थान को डायरी सं 4200 दिनांक 02.02.2020 के संदर्भ में ।
3–संयुक्त शासन सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रप–3) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4–संयुक्त निदेशक (प्रशासन) कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर ।
5–वेबसाइट प्रभारी, निदेशालय कॉलेज शिक्षा राज0 जयपुर को वेबसाईड पर अपलोड करने हेतु।

संयुक्त निदेशक (आयोजना)
कॉलेज शिक्षा राज0 जयपुर

कान्स्टेबल भर्ती/अतिआवश्यक

कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः-न-5( 8 )पु.फो./कानि.भर्ती सैल-19/20/ 713 दिनांकः- 01.09.2020

श्रीमती सुचि शर्मा,
शासन सचिव,
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा,
राजस्थान सरकार, जयपुर।

F.B. No. 534 /PS/SHE/S
Dated 3-9-20

विषयः-कॉन्स्टेबल भर्ती वर्ष 2019 की लिखित परीक्षा दिनांक 06, 07 एवं 08.11.2020 को आयोजित कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि पुलिस विभाग में 5438 कान्स्टेबलों की भर्ती हेतु दिनांक 06, 07 एवं 08.11.2020 को दो शिफ्टों में लिखित परीक्षा आयोजित की जानी है। लिखित परीक्षा हेतु पूर्व वर्षो की भांति प्रत्येक जिले में परीक्षा केन्द्रों के लिए राजकोय एवं निजी शिक्षण संस्थान मय भवन-फर्नीचर एवं वीक्षक कार्य हेतु पर्याप्त स्टाफ सहित संस्था प्रधान के सहयोग की आवश्यकता होगी। लिखित परीक्षा हेतु भवन-फर्नीचर किराया एवं अन्य स्टाफ को राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित दरों पर पारिश्रमिक (Remuneration) का भुगतान किया जावेगा।

अतः पूर्व वर्षो की भांति समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को उनके अधीन आने वाले शैक्षणिक संस्थान एवं उनके समस्त स्टाफ दिनांक 06,07,08.11.2020 को दो शिफ्टों में पुलिस विभाग की कान्स्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा हेतु उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित करते हुए इस कार्यालय को अवगत कराने हेतु अनुरोध है।

भवदीय

01/09/2020

(गोविन्द गुप्ता)
अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।

कार्यालय शासन सचिव
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
डायरी सं. 4200
दिनांक 7/9/20

प्रतिलिपि-संयुक्त शासन सचिव, पुलिस गृह (ग्रुप-1) विभाग, राजस्थान जयपुर को उपरोक्त क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।

कार्यालय शासन सचिव
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
डायरी सं. 4268
दिनांक 4/9/20

F.D. No. 545 /PS/CCE/O
Dated 7/9/20

राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप–1) विभाग

विषयः– कान्स्टेबल भर्ती वर्ष 2019 की लिखित परीक्षा दिनांक 06, 07 एवं 08.11.2020 को आयोजित कराने के संबंध में।
संदर्भः– अति. महानिदेशक पुलिस, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, राज, जयपुर का पत्र दिनांक 01.09.2020 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र की प्रति संलग्न कर लेख है कि कान्स्टेबल भर्ती परीक्षा वर्ष 2019 की दिनांक 06, 07 एवं 08.11.2020 को दो शिफ्टों में लिखित परीक्षा आयोजित की जानी है। लिखित परीक्षा हेतु पूर्व वर्षो की भांति प्रत्येक जिले में परीक्षा केन्द्रो के लिए राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थान मय भवन–फर्नीचर एवं वीक्षक कार्य हेतु पर्याप्त स्टाफ सहित संस्था प्रधान के सहयोग की आवश्यकता होगी।

अतः कृपया समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को उनके अधीन आने वाले शैक्षणिक संस्थान एवं उनके समस्त स्टाफ दिनांक 06, 07 एवं 08.11.2020 को दो शिफ्टों में पुलिस विभाग को कान्स्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा आयोजन हेतु उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित कराने का श्रम करावें।
संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

(एन.एल.मीना)
शासन सचिव, गृह

शासन सचिव,
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा/
स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा विभाग,
राजस्थान, जयपुर

अशा. टीप क्रमांक 4(02)गृह–1/2020
जयपुर, दिनांकः 03/09/2020

प्रतिलिपिः– 1. अति. महानिदेशक पुलिस, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, राज, जयपुर को उनके पत्र दिनांक 01.09.2020 के संबंध मे।

संयुक्त शासन सचिव, पुलिस